ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्यों की प्राप्ति

1254. **श्री राजूभाई ए० परमार :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने में विफल रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ग) गत वर्ष राज्यवार क्या-क्या लक्ष्य निर्धारित किये गये थे और उन लक्ष्यों को कहां तक प्राप्त किया गया है ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम का कार्यान्वयन, राज्य बिजली बोर्डों/राज्य सरकारों के विद्युत विभागों द्वारा राज्य योजना एवं ग्राम विद्युतीकरण निगम के कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाता है जिसके लिये योजना आयोग द्वारा वर्ष दर-वर्ष आधार पर लक्ष्य अनुमोदित किये जाते हैं। सातवीं पंचवर्षीय योजना एवं वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के दौरान, ग्राम विद्युतीकरण और पम्पसैटों के ऊर्जन से संबंधित लक्ष्यों को कुल मिलाकर प्राप्त कर लिया गया है तथा कुछ मामलों में उपलब्धि, लक्ष्य से भी अधिक रही है।

(ग) पिछले वर्ष अर्थात् 1991-92 के दौरान गांवों के विद्युतीकरण एवं पम्पसैटों के ऊर्जन के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों और उपलब्धि का राज्य-वार ब्यौरा विवरण में दिया गया है।

विवरण

वर्ष 1991-92 के दौरान ग्राम विद्युतीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का राज्यवार विवरण

राज्य	ग्राम विद्युतीकरण		पम्पसैटों का ऊर्जन	
	लक्ष्य	उपलब्धि (अनंतिम)	लक्ष्य	उपलब्धि (अनंतिम)
1	2	3	4	5
आंध्र प्रदेश	—	—	39200	80609
अरूणाचल प्रदेश	152	130	—	—
असम	240	120	—	161
बिहार	350	517	2000	2712
गोवा	—	—	—	320
गुजरात	—	—	10200	23771
हरियाणा	—	—	6700	18588
हिमाचल प्रदेश	—	—	40	177
जम्मू एवं कश्मीर	10	9	85	269
कर्नाटक	—	—	11420	71809
केरल	—	—	5075	20837

1	2	3	4	5
मध्य प्रदेश . . .	1170	1856	42750	58315
महाराष्ट्र . . .	—	—	48300	86656
मणिपुर . . .	135	150	—	शून्य
मेघालय . . .	120	44	—	शून्य
मिजोरम . . .	60	60	—	शून्य
नागालैंड . . .	—	—	—	शून्य
उड़ीसा . . .	995	1011	2900	4852
पंजाब . . .	—	—	10500	20579
राजस्थान . . .	550	760	10450	25100
सिक्किम . . .	—	—	—	—
तमिलनाडु . . .	2	7	24400	40108
त्रिपुरा . . .	153	200	30	100
उत्तर प्रदेश . . .	750	744	12500	22134
प० बंगाल . . .	650	436	7480	3218
जोड़ राज्य . . .	5337	6044	233930	480315
जोड़ संघ शासित राज्य . .	—	—	600	718
जोड़ (अखिल भारत) . .	5337	6044	234530	481033

उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की बिगड़ती स्थिति

1255. **श्री ईश दत्त यादव :** क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या अतिरिक्त कल-पुर्जे उपलब्ध न होने के कारण उत्तर प्रदेश में विद्युत-आपूर्ति की स्थिति बिगड़ती जा रही है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की स्थिति में सुधार करने के लिये क्या कदम उठाये जा रहे हैं ; और

(ग) अतिरिक्त कल-पुर्जे उपलब्ध न होने के कारण उत्तर प्रदेश के कौन कौन से जिले प्रभावित हुये है ?

विद्युत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) से (ग) कलपुर्जों हेतु निधियों की व्यवस्था किये जाने तथा रूस से कलपुर्जे प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड को कठिनाई का सामना करना पड़ता रहा है । तथापि, इससे उत्तर प्रदेश में विद्युत सप्लाई संबंधी स्थिति पर अधिक प्रभाव नहीं पड़ा है । पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्य में विद्युत सप्लाई संबंधी स्थिति निम्नानुसार है:-

वर्ष	आवश्यकता (मि०यू०)	उपलब्धता (मि०यू०)	कमी	
			मि०यू०	प्रतिशतता
1989-90 . . .	27580	24667	2913	10.6
1990-91 . . .	29940	26758	3182	10.6
1991-92 . . .	31540	28280	3260	10.3

मि०यू०--मिलियन यूनिट